**जयंती** | भाजपा मंडल कोतमा ने मनाई बाबा साहब की जयंती

# बाबा साहब ने संघर्ष और सफलता की गाथा को किया रेखांकित : जायसवाल

**कोतमा, नवभारत 14 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोतमा के वार्ड क्रमांक 07 में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने डॉक्टर अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का पुंज है।

'डॉक्टर अंबेडकर ने विषम परिस्थितियों में भी अपनी शिक्षा-दीक्षा को बाधित नहीं होने दिया। उनका संघर्ष और उसके बाद मिली सफलता इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प से दुनिया का कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। 'भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर (14 अप्रैल 1891 - 6 दिसंबर 1956) एक समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ और भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे। उनका जीवन संघर्ष से सफलता की एक ऐसी मिसाल है जिसने करोड़ों लोगों को प्रेरित किया। आपका 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू (अब डॉ. अंबेडकर नगर) में हुआ था।

परिवार: वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14वीं संतान थे। उनका परिवार महार जाति से था, जिसे उस समय अछूत माना जाता था।

बचपन का संघर्ष दलित होने के कारण उन्हें स्कूल में भारी भेदभाव का सामना करना पड़ा। उन्हें कक्षा के बाहर बैठकर पढ़ना पड़ता था।डॉ. अम्बेडकर दुनिया के सबसे शिक्षित व्यक्तियों में से एक थे। उनकी शैक्षणिक यात्रा अद्भुत रही: मुंबई: एलफिंस्टन हाई स्कूल और कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की। कोलंबिया विश्वविद्यालय (न्यूयॉर्क): बड़ौदा के महाराज की सहायता से अमेरिका गए और वहां से अर्थशास्त्र में एम.ए. और पीएच.डी. की।

लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स: यहाँ से उन्होंने 'डॉक्टर ऑफ साइंस' (D.Sc) की उपाधि प्राप्त की और 'बार-एट-लॉ' की पढ़ाई पूरी की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में निम्नलिखित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद रहे: अजय सराफ: अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद कोतमा, पुष्पेंद्र जैन: भाजपा मंडल अध्यक्ष, वार्ड वासी: समारोह में वार्ड क्रमांक 07 के सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

### संघर्ष और शिक्षा पर चर्चा

वक्ताओं ने बाबा साहब द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण में दिए गए योगदान और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की ओर से बाबा साहब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में वार्ड वासियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के जयघोष के साथ सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## शिक्षा और समानता का दिया संदेश



भारत रत्न, भारतीय संविधान के शिल्पकार और महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला स्तरीय कार्यक्रम के रूप में शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही, वहीं अजाक्स द्वारा जिला मुख्यालय में एक भव्य रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब समाज असमानता और कुरीतियों के अंधकार में डूबा हुआ था, तब बाबा साहेब एक रोशनी की किरण बनकर उभरे। उन्होंने अपने ज्ञान और दूरदर्शिता से ऐसा संविधान तैयार किया, जो आज हर नागरिक को समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करता है।

उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से बाबा साहेब के प्रसिद्ध संदेश शिक्षित बनो और संगठित रहो को जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर सम्मानजनक जीवन जी सकता है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम अपने अधिकारों के साथ स्वतंत्र रूप से अपनी बात रख पा रहे हैं, यह बाबा साहेब की देन है। उन्होंने बाबा साहेब के विचार जिंदगी लंबी होने के बजाय महान होनी चाहिए को दोहराते हुए सभी को प्रेरित किया।

## जिला कांग्रेस का आयोजन, नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, डॉ. वी.पी.एस. चौहान तथा आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह मार्को शामिल रहे।वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत, जातिवाद और असमानता के खिलाफ संघर्ष किया और दलितों, पिछड़ों एवं महिलाओं के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है।



इस अवसर पर नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों का परिचय एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर, तिरंगा गमछा भेंट कर तथा महिला पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संविधान निष्ठा, सेवा भाव, अनुशासन, एकता और संघर्ष की शपथ दिलाई।

# जैतहरी नगर में घुसे तीन जंगली हाथी, मची अफरा-तफरी

**रिहायशी इलाके में पहुंचा झुंड, 111 दिनों से हाथियों का आतंक**

**अनूपपुर, नवभारत 14 अप्रैल।** जिले में पिछले 111 दिनों से जंगली हाथियों का आतंक लगातार बना हुआ है। चार हाथियों का एक दल जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में घूमकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है और कई स्थानों पर मकानों को भी क्षतिग्रस्त कर चुका है। इस कारण ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। स्थिति सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात उस समय और गंभीर हो गई, जब तीन जंगली हाथी अचानक जैतहरी नगर के रिहायशी इलाके में घुस आए। रात करीब 10 बजे हाथियों के बाजार, बस स्टैंड और होटलों के पास पहुंचने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोग घरों से बाहर निकल आए और कुछ समय के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों हाथी काफी देर तक बाजार क्षेत्र में घूमते रहे। स्थानीय लोगों ने शोर मचाकर और अन्य तरीकों से हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन हाथी बार-बार उसी दिशा में लौट आते थे। इससे लोगों की दहशत और बढ़ गई।

### प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से खदेड़े गए हाथी

सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी प्रयासों के बाद हाथियों को रिहायशी क्षेत्र से बाहर खदेड़ा गया। हालांकि, इस दौरान कोई जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।



### जंगल में डेरा एक हाथी अलग

मंगलवार सुबह मिली जानकारी के अनुसार, तीन हाथी धनगवां बीट के जंगल में डेरा डाले हुए हैं, जबकि एक अन्य हाथी पोड़ी बीट के जंगल में अलग मौजूद है। वन विभाग लगातार इनकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

### लगातार बढ़ रही चुनौती

जिले में लंबे समय से सक्रिय हाथियों का यह दल प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। वन विभाग के सामने अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल में ही रोकने और ग्रामीणों को नुकसान से बचाने की है।

### प्रशासन अलर्ट, लोगों से सतर्क रहने की अपील

हाथियों के शहरी क्षेत्र में प्रवेश के बाद प्रशासन और वन विभाग अलर्ट मोड पर आ गए हैं। गश्ती दल तैनात कर दिए गए हैं और लगातार निगरानी की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे रात के समय घरों से बाहर न निकलें, हाथियों के पास जाने की कोशिश न करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें।

# बरतराई कालरी में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ




**राजनगर, नवभारत 14 अप्रैल।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने के उद्देश्य से साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) के जमुना-कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आमाडांड भूमिगत उपक्षेत्र के बरतराई कालरी में शनिवार को सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ का उद्घाटन मुख्य अतिथि किशोरी त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। यह पहल श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में संचालित सामाजिक संस्था अलंकृता महिला समिति द्वारा की गई। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा एवं सदस्याओं ने ग्रामीणों, राहगीरों, बस यात्रियों, ट्रक चालकों, फेरीवालों और बच्चों को गुड़, संतरा, तरबूज, अंगूर, भीगा चना तथा ठंडे पेयजल के साथ सत्तू, रूह अफजा और जलजीरा शरबत का वितरण किया। साथ ही बरतराई ग्राम के 10 ग्रामीणों को ठंडा पानी संग्रह हेतु मिट्टी के घड़े एवं स्वल्पाहार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समिति की सदस्याओं रूना, रंजन, रजनी सिंह, प्राची सिंह, अंजू दयाल, सोनाली दास, पूनम चौधरी, मीना गोपाल त्रिपाठी, रितु वाडेकर, ऊषा प्रसाद, सुमित्रा प्रसाद, पिंकी खातरकर एवं निखत सिद्दीकी की सक्रिय सहभागिता रही।

### पक्षियों और पशुओं के लिए भी विशेष व्यवस्था


गर्मी के इस मौसम में जल संकट को देखते हुए समिति ने प्याऊ स्थल पर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे और दाना रखने की व्यवस्था की है। वहीं मवेशियों और अन्य पशुओं के लिए पानी के टब भी रखे गए हैं। समिति द्वारा यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल तक जारी रखी जाएगी।

## एक नजर में



### तेज रफ्तार कार पलटी, महिला प्रोफेसर समेत चालक घायल

**अनूपपुर, नवभारत 14 अप्रैल।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में शासकीय कन्या महाविद्यालय अनूपपुर की महिला प्रोफेसर और कार चालक घायल हो गए। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और दो बार पलट गई। जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय शारदा अग्रवाल पत्नी अभिषेक अग्रवाल निवासी बिलासपुर से अनूपपुर आ रही थीं। जैसे ही उनकी कार बिलासपुर-अनूपपुर मार्ग पर जैतहरी के पास पहुंची, अचानक संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क से फिसलकर नीचे चला गया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में प्रोफेसर शारदा अग्रवाल के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि कार चालक भी घायल हुआ है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रोफेसर को जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार स्थिति को देखते हुए एमआरआई जांच के बाद उन्हें बिलासपुर रेफर किया जा सकता है। वहीं, चालक का उपचार जैतहरी में ही किया जा रहा है।



### कलाकारों की नाट्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**नवभारत, जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा 5 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक आयोजित पावन श्रीराम कथा, परम पूज्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी की अमृतमयी श्रीवाणी से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत बना रहा। इसी क्रम में नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा 5 से 12 अप्रैल तक निर्देशक दविन्दर सिंह ग्रोवर के निर्देशन में विविध विषयों पर आधारित प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों में भक्तिमति शबरी, रानी दुर्गावती, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व-बोध एवं स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य तथा शंकर शाह-रघुनाथ शाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मंचित किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी विनय शर्मा के साथ पराग तेलंग, मानसी सोनी, माही सोनी, देवेंद्र झरिया, जतिन झरिया, विकी तिवारी, श्रुति दुबे, भावना विश्वकर्मा, माही गुप्ता, तन्मय जायसवाल एवं अन्य कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से प्रस्तुतियों को जीवंत बना दिया।

# संगठन की छवि से समझौता नहीं, नियम तोड़े तो होगी सख्ती

**भाजपा कार्यकर्ताओं को चेतावनी**

**अनूपपुर, नवभारत 14 अप्रैल।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में 13 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की जिला संगठन बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रभारी संजय साहू और जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने संगठन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को अनुशासन और सक्रियता का सख्त संदेश दिया। जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह के अनुसार बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

जिला प्रभारी संजय साहू ने स्पष्ट कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है। सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी गतिविधियों या अनुशासनहीनता को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए, जरूरत पड़ने पर पार्टी से बाहर भी किया जा सकता है। उन्होंने दो टूक कहा कि पद काम करने के लिए दिया जाता है, गाड़ी में बोर्ड लगाने के लिए नहीं। जो कार्यकर्ता संगठन का काम नहीं करेंगे, उनसे पद और बोर्ड दोनों वापस ले लिए जाएंगे। बैठक में गांव चलो अभियान, आजीवन सदस्यता, निधि प्रशिक्षण और अंबेडकर जयंती से जुड़े कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। संजय साहू ने मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों से व्यक्तिगत चर्चा कर प्रगति जानी।



### बूथ स्तर पर सक्रियता पर जोर

जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने सभी मोर्चा और प्रकोष्ठों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर सकारात्मक संदेश देने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और संगठन के हर कार्य को गंभीरता से पूरा किया जाए। बैठक के दौरान नव नियुक्त मंडल प्रभारियों और मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। नेतृत्व ने उनसे संगठन हित में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई।



# नारी सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव

**नवभारत, जबलपुर।** नारी सशक्तिकरण आज की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है। महिलाओं को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिलने से ही देश और समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने नारी शक्ति को इंद्रधनुष के सात रंगों के समान बताते हुए इसे सशक्त महिला नेतृत्व की दिशा में सकारात्मक पहल है। उक्त बातें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पर मंथन' कार्यक्रम में प्रभारी कुलगुरु प्रो. राकेश बाजपेयी ने कही। प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और यह अधिनियम उनमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा हिमांशी मोरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. देवीलता रावत ने किया।

**कार्यवाही** | जनपद पंचायत अनूपपुर की ग्राम पंचायत प्यारी का मामला, जिम्मेदारों पर सुनिश्चित की जाए दंडात्मक कार्रवाई

# सीएम हेल्पलाइन की आड़ में भ्रष्टाचार को दिया जा रहा वैधानिक संरक्षण

**जमुना कतमा अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और पारदर्शी सुशासन के दावों का अनूपपुर जिले में सरेआम मखौल उड़ाया जा रहा है। ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1 में पंचायती राज की मूल भावना को कुचलते हुए सरपंच और सचिव ने जिस प्रकार अपना 'निरंकुश एकाधिकार' स्थापित कर लिया है, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर कुठाराघात है। इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जब इस प्रशासनिक स्वेच्छाचारिता की शिकायत शासन की सर्वोच्च प्रणाली 'सीएम हेल्पलाइन' (शिकायत क्र. 37380134) में की जाती है, तो जांच अधिकारी विधिक प्रावधानों की सरेआम अवहेलना करते हुए भ्रष्टाचारियों के लिए 'सुरक्षा कवच' बन जाते हैं।

क्षेत्रीय पीसीओ यूजीन टोप्पो द्वारा प्रस्तुत किया गया जांच प्रतिवेदन उनके प्रशासनिक दिवालियापन और घोर विधिक अज्ञानता का जीवंत प्रमाण है। बैठकों के आयोजन एवं पंजिका संधारण में घोर लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिव पर सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत कठोर कार्यवाही की जाए। अब यह देखना शेष है कि अनूपपुर जिला प्रशासन इस 'प्रशासनिक अराजकता' पर विधिक हथौड़ा चलाता है, या फिर भ्रष्ट तंत्र को इसी प्रकार फलने-फूलने की मौन स्वीकृति प्रदान करता है।

### विधिक प्रावधानों की सरेआम हत्या

पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्माण एवं सामान्य प्रशासन जैसी स्थायी समितियों का गठन किया जाता है। 'मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (स्थायी समिति के सदस्यों की पदावधि और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया) नियम, 1994' के नियम 7 में अत्यंत स्पष्ट 'आज्ञापक प्रावधान' है कि प्रत्येक स्थायी समिति अपनी बैठक माह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से आयोजित करेगी। इस वैधानिक बाध्यता का मूल उद्देश्य पंचायत के वित्तीय और प्रशासनिक निर्णयों में निर्वाचित पंचों की सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। परंतु प्यारी क्रमांक 1 में इन समितियों को कागजों तक सीमित कर पूरी पंचायत को सरपंच और सचिव की 'निजी जागीर' बना दिया गया है। शिकायत क्र. 37380134 के निराकरण हेतु पीसीओ यूजीन टोप्पो ने जो तर्क प्रस्तुत किए हैं, वे शासन की आंखों में धूल झोंकने के समान हैं।




### स्व-निर्मित नियमों का अविष्कार

पीसीओ ने अपनी आख्या में यह हास्यास्पद तर्क दिया है कि 'तीनों समितियों की बैठक अध्यक्ष अथवा सदस्यों द्वारा प्रस्तुत पत्र के आधार पर आयोजित होती है।' यह कथन पूर्णतः विधिक रूप से आधारहीन है। मनगढ़ंत नियमों का हवाला देकर सरपंच-सचिव को 'क्लीन चिट' देना, संस्थागत भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने का अक्षम्य कृत्य है।

### कुछ इस तरह की हैं मांगें

ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1 के त्रस्त एवं जागरूक नागरिकों ने अब सीधे जिलाधीश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत) से मांग की है कि सीएम हैल्पलाइन में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने और शासन को गुमराह करने वाले पीसीओ यूजीन टोप्पो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की जाए। मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (स्थायी समिति के सदस्यों की पदावधि और कार्य संचालन की प्रक्रिया) नियम, 1994 के नियम 7 का खुला उल्लंघन कर पदीय दायित्वों की घोर उपेक्षा करने वाले सरपंच के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत 'पद-पृथक्करण' की दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित हो।